No. 5/1/2019-CPI
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF LABOUR & EMPLOYMENT
LABOUR BUREAU

'CLEREMONT', SHIMLA-171004
DATED: 31st July, 2019

Press Release

Consumer Price Index for Industrial Workers (CPI-IW) – June, 2019

The All-India CPI-IW for June, 2019 increased by 2 points and pegged at 316 (three hundred and sixteen). On 1-month percentage change, it increased by (+) 0.64 per cent between May, 2019 and June, 2019 when compared with the increase of (+) 0.69 per cent between the corresponding months of previous year.

The maximum upward pressure in current index came from Food group contributing (+) 1.93 percentage points to the total change. At item level, Rice, Arhar Dal, Groundnut Oil, Eggs (Hen), Fish Fresh, Goat Meat, Poultry (Chicken), Milk Buffallo, Pure Ghee, Chillies Green, Garlic, Ginger, Onion, Banana, Brinjal, Cabbage, Carrot, French Bean, Green Coriander Leaves, Palak, Potato, Tomato, Cigarette, Doctor's Fee, Medicine (Allopathic), Cable Charges, etc. are responsible for the increase in index. However, this increase was checked by Wheat, Coconut & Coconut Oil, Lady Finger, Mango (Ripe), Parval, Electricity Charges, Petrol, etc., putting downward pressure on the index.

The year-on-year inflation based on CPI-IW stood at 8.59 per cent for June, 2019 as compared to 8.65 per cent for the previous month and 3.93 per cent during the corresponding month of the previous year. Similarly, the Food inflation stood at 5.47 per cent against 5.21 per cent of the previous month and 0.97 per cent during the corresponding month of the previous year.

At centre level Coonoor, Hyderabad and Vijaywada observed the maximum increase of 8 points followed by Quilon (7 points). Among others, 6 points increase was observed in 6 centres, 5 points in 2 centres, 4 points in 9 centres, 3 points in another 9 centres, 2 points in 10 centres and 1 point in 21 centres. On the contrary, Srinagar recorded a maximum decrease of 3 points. Among others, 2 points decrease was observed in 3 centres and 1 point in 7 centres. Rest of the 6 centres' indices remained stationary.

The indices of 35 centres are above All-India Index and 43 centres' indices are below national average.

The next issue of CPI-IW for the month of July, 2019 will be released on Friday 30th August, 2019. The same will also be available on the office website *www.labourbureaunew.gov.in.*

(AMRIT LAL JANGID)
DEPUTY DIRECTOR

संख्या-5/1/2019-सी.पी.आई.
भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
श्रम ब्यूरो

'क्लेरेमोंट', शिमला-171 004
दिनांक : 31 जुलाई, 2019

प्रेस विज्ञप्ति

औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक - जून, 2019

जून, 2019 का औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल-भारत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 2 अंक बढ़कर 316 (तीन सौ सोलह) अंकों के स्तर पर संकलित हुआ। सूचकांक में मई, 2019 एवं जून, 2019 के बीच (+) 0.64 प्रतिशत की वृद्धि रही जो पिछले वर्ष इन्हीं दो महीनों के बीच (+) 0.69 प्रतिशत था।

सूचकांक में दर्ज वृद्धि में अधिकतम योगदान खाद्य समूह का रहा जिसने कुल बदलाव को (+) 1.93 बिंदु प्रतिशतता से प्रभावित किया। मदों में चावल, अरहर दाल, मूंगफली तेल, अण्डा (मुर्गी), ताजी मछली, बकरे का मांस, पोल्ट्री (चिकन), भैंस का दूध, शुद्ध घी, हरी मिर्च, लहसुन, अदरक, प्याज, केला, बैंगन, पत्ता गोभी, गाजर, फ्रेंच बीन, हरी धनिया पत्ती, पालक, आलू, टमाटर, सिगरेट, डॉक्टर फीस, दवाईयाँ-अंग्रेज़ी, केबल. चार्ज़, इत्यादि सूचकांक को बढ़ाने में सहायक रहे। इसके विपरीत, गेहूँ, नारियल व नारियल तेल, भिण्डी, आम (पका), परवल, बिजली प्रभार, पेट्रोल इत्यादि ने सूचकांक में वृद्धि को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

जून, 2019 के लिए सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. पर आधारित मुद्रास्फीति दर पिछले महीने के 8.65 प्रतिशत तथा गत वर्ष के इसी माह के 3.93 प्रतिशत की तुलना में 8.59 प्रतिशत रही। वैसे ही, खाद्य-स्फीति दर पिछले माह के 5.21 प्रतिशत एवं एक वर्ष पूर्व इसी माह के 0.97 प्रतिशत की तुलना में 5.47 प्रतिशत रही।

केन्द्र-स्तर पर, कून्नूर, हैदराबाद एवम् विजयवाड़ा के सूचकांक में अधिकतम 8 अंकों की वृद्धि रही जिसके बाद 7 अंकों की वृद्धि क्विलोन में पाई गई। अन्य 6 केन्द्रों में 6 अंक, 2 केन्द्रों में 5 अंक, 9 केन्द्रों में 4 अंक, दूसरे 9 केन्द्रों में 3 अंक, 10 केन्द्रों में 2 अंक तथा 21 केन्द्रों में 1 अंक की वृद्धि रही। इसके विपरीत, श्रीनगर में 3 अंकों की अधिकतम कमी रही। अन्य 3 केन्द्रों में 2 अंक तथा 7 केन्द्रों में 1 अंक की कमी पाई गई। शेष 6 केन्द्रों के सूचकांक स्थिर रहे।

35 केन्द्रों के सूचकांक अखिल-भारत सूचकांक से ऊपर तथा 43 केन्द्रों के सूचकांक राष्ट्रीय औसत से नीचे रहे।

सी.पी.आई.-आई.डब्ल्यू. की आगामी कड़ी जुलाई, 2019 माह के लिए दिन शुक्रवार, अगस्त 30, 2019 को जारी की जाएगी। यह कार्यालय की वेबसाइट www. labourbureaunew.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगा।

(अमृत लाल जांगिड़)
उप निदेशक